हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
30 जुलाई 2024, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज 7 हज़ार,441 TGT शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये।
- देश में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सरकार,सब्सिडी देने पर विचार कर रही है ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान से जुड़ने के आहवान पर जींद के गांव बुढा खेड़ा लाठर की महिला सरपंच ने गांव की महिलाओं के साथ मिलकर पेड़ लगाने का बीड़ा उठाया।
- भारतीय निशानेबाज़ मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने पेरिस ओलंपिक में देश के लिए दूसरा कांस्य पदक जीता। हरियाणा में जश्न माहौल ,रास्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनु भाकर और सरबजोत को बधाई दी।

*********************************************************************

पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में टीजीटी शिक्षकों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने 7 हज़ार, 441 टीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये।इस अवसर पर शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा, विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा और बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ नियुक्तियाँ कर रही है।

उन्होंने कहा कि जनवरी में 745, फरवरी में 11 हज़ार, 831 और मार्च में 11 हज़ार, 604 और जून में 1131 पदों पर बिना पर्ची व खर्ची के नियुक्तियाँ की गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि नौकरी पाने वालों में अधिकतर बेटियाँ हैं। उन्होंने ओलंपिक में मनु भाकर और सरबजोत को देश के लिए पदक जीतने पर बधाई भी दी।शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि उनकी सरकार सत्ता के लिए नहीं बल्कि सेवा के लिए है। मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार में केवल एक विधायक के बच्चे को नौकरी मिली है और वो भी विपक्ष के विधायक हैं। श्रीमती त्रिखा ने अपने संबोधन में बच्चों को भारतीय संस्कार देने पर बल दिया।

देश में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सरकार सब्सिडी देने पर विचार कर रही है।लोकसभा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार किसानों की हरसंभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की सहायता के लिए 70 लाख हेक्टेयर नई कृषि भूमि को प्रधानमंत्री सुक्ष्म सिंचाई योजना के दायरे में लाया गया है। इसके अलावा, सरकार शीत भण्डारण का निर्माण करके उनकी उपलब्धता और मांग के बीच के अंतर को पाटने की भी कोशिश कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिएएक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़ने के आह्वान का असर जींद के जुलाना खंड में देखने को मिला है । जुलाना खंड के गांव बुढा खेड़ा लाठर की महिला सरपंच अनिता चौहान ने गांव की महिलाओं के साथ मिलकर खाली पड़ी जमीन पर पेड़ लगाने की शुरुआत की है । पेड़ लगाने के लिए खुदाई आदि सभी काम महिलाओं द्वारा ही किये जा रहे हैं। महिला सरपंच अनिता चौहान ने कहा –बाइट उल्लेखनीय है कि रविवार को भी प्रधानमंत्री ने रेडियों के मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से आमजन से मां के नाम पेड़ लगाने की अपील की थी।

आयुष विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पलवल जिले की व्यायामशालाओं में औषधीय पौधे लगाने का कार्य शुरू किया गया है । इसी कड़ी में आज गांव यादुपर स्थित व्यायामशाला में 200 औषधीय पौधे लगाए गए। इस दौरान जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. संजीव तोमर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.प्रियंका रानी,योग सहायक अभयपाल रावत और सरपंच लाल सिंह ने भी पौधारोपण किया ।जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. संजीव तोमर ने बताया कि अभियान के तहत करीब 5 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। औषधीय पौधों में नीम, जामुन, इमली, कांचनार, अशोक, वट, घीकुआर, सदाबहार, अर्जुन , धतूरा व अमरूद आदि शामिल है।योग सहायक अभयपाल रावत ने कहा कि पौधारोपण के उपरांत पौधों की देखभाल की जाएगी ताकि वे बड़े होकर पेड़ बन सकें। गांव के सरपंच लाल सिंह ने कहा कि ग्रामीणों को प्रधानमंत्री द्वारा चलाए गए अभियान के बारे में जागरूक करेंगे और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करेंगें।

भारतीय निशानेबाज़ मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने आज पेरिस ओलिंपिक में दस मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत के लिए दूसरा कांस्य पदक जीता। मनु भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं हैं। दक्षिण कोरिया के ओह ये जिन और ली वोन्हो से 16-10 के अंतर से जीतकर मनु और सरबजोत की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया। पदक जितने पर मनु भाकर  संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सफलता,उनकी कर्म निष्ठां और विश्वास का परिणाम है।क़ाबिले गौर है कि मनु भाकर ने गत रविवार दस मीटर पिस्टल निशानेबाज़ी में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए पदकों का खाता खोला था।

मनु भाकर और सरबजोत की जीत को लेकर हरियाणा में खुशी का माहौल है।अम्बाला में आज एयर अकादमी में सरबजोत की जीत का जश्न मनाया गया।

सरबजोत के जूनियर कोच गौरव ने भी सरबजोत की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने निशानेबाजी की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि एक ही ओलिम्पिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनकर मनु भाकर ने इतिहास रच दिया। द्रौपदी राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि मनु ने देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने मनु और सरबजोत को भविष्य में और अधिक उपलब्धियां हासिल करने की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई दी है।सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि भारतीय निशानेबाज देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों निशानेबाजों ने शानदार कौशल और टीम वर्क की भावना का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि मनु के लिए, यह उनका लगातार दूसरा ओलंपिक पदक है, जो उनकी निरंतर उत्कृष्टता और समर्पण को दर्शाता है।

..............................................................................

होडल पुलिस की अपराध शाखा ने एक देसी पिस्तौल एवं पांच कारतूस सहित युवक को गिरफ्तार किया है।अपराध शाखा के प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी को एक सूचना के आधार पर राजस्थान होटल के पास से गिरफ्तार किया गया । आरोपी की पहचान गांव करमन निवासी मनोज के रूपमें हुई । आरोपी के खिलाफ फरीदाबाद, पलवल में डकैती, जानलेवा हमला, अवैध हथियार रखना तथा मारपीट के चार संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं और दो मामलों में आरोपी फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी बारे संबंधित क्षेत्र की पुलिस को अलग से सूचना दी गई है।अपराध शाखा के प्रभारी ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया गया यहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।